दिन – शनिवार दिनांक– 24 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में नीति आयोग की शासी परिषद की दसवीं बैठक आयोजित की जा रही हैं। इस वर्ष की बैठक का विषय है– विकसित भारत के लिए विकसित राज्य एट द रेट दो हजार सैंतालीस। प्रधानमंत्री ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमने विकास की गति तेज की है। श्री मोदी ने कहा कि यदि केन्द्र और सभी राज्य एक टीम इंडिया के तौर पर काम करें तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ ही विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, केन्द्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल, केन्द्रीय मंत्री तथा नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और मुख्य कार्यकारी अधिकारी शामिल हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री श्री कुमार कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की एक महत्वपूर्ण बैठक में भी भाग लेंगे।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे। यह इस कार्यक्रम की एक सौ बाईसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

———————————————————————————

पटना, वैशाली, नालंदा, भोजपुर और गया समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर आज सुबह हल्की बारिश हुई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है

कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिणी, उत्तर–पूर्व, उत्तर–पश्चिम और उत्तर–मध्य भागों में कुछ जगहों पर तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना है। इस दौरान वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। इधर, दक्षिण–पश्चिम मानसून अपने तय समय से पहले ही केरल पहुंच गया है। आमतौर पर यह पहली जून को केरल पर दस्तक देता है। मौसम विभाग ने बताया है कि वर्ष दो हजार नौ के बाद यह पहली बार है जब केरल में मानसून का आगमन समय से काफी पहले हुआ है।

---

बक्सर जिले के अकबरपुर पंचायत के अहियापुर गांव में आज तड़के हथियारबंद अपराधियों ने एक ही परिवार के तीन लोगों की गोलीमार कर हत्या कर दी। हमारे संवाददाता ने बताया है कि गोलीबारी में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि एक अन्य गम्भीर रूप से घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान बनारस के एक अस्पताल में मौत की खबर है। वहीं, गम्भीर रूप से घायल दो अन्य व्यक्ति का बनारस में इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार घटना का कारण पुरानी रंजिश है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

---

सीवान जिले के जीबी नगर थाना क्षेत्र के अफराद गांव के पास आज सुबह एक ट्रक और कार के बीच सीधी टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

पश्चिम चम्पारण जिले के सिकटी थाना क्षेत्र से एसएसबी और पुलिस की संयुक्त छापेमारी के दौरान पांच करोड़ रूपये मूल्य की पच्चीस किलो चरस जब्त की गई है। इस मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो पटना की टीम ने मधुबनी जिले के जयनगर अंचल के सीआई अजय कुमार मंडल को तीन लाख रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।